Vol.8 July 2014 No.1
Annual Subscription : Rs 100
Rs. 10/- per copy

ब्रह्मार्पण

BRAHMARPAN

वेदोऽखिलो धर्ममूलम्

A Monthly publication of Brahmasha India Vedic Research Foundation

Brahmasha India Vedic Research Foundation
ब्रह्माशा इंडिया वैदिक रिसर्च फाउन्डेशन

आत्म-साक्षात्कार

-आचार्य भगवानदेव "चैतन्य"

तुम जिस हवा की
बेहो ाी में रुक गए हो
जिस संगीत पर मुग्ध हो गए हो
जिस झरने के पानी को
अमत समझ बैठो हो
इनके आस-पास ही कहीं मत्यु है,
विना ा है, अतप्ति है
प्यास-एक अन्तहीन प्यास।

यहाँ जो
छायादार वक्ष खड़े हैं
बाग-बगीचे हैं
फूल हैं, महक है
सब मात्र अनुभूतियों का ही छलावा है।

यहीं से वह मोड़ ाुरु होता है
जहाँ से व्यक्ति एक लम्बी
अन्तहीन यात्रा में भटक जाता है,
सदा-सदा के लिए.....

ये सब मायावी राक्षस के
साम्राज्य विस्तार हेतु
प्रयोग आने वाले-
हथियार हैं।

यह जंगल तुम्हारे ही लिए नहीं बना है
यह तो युग-युगान्त से है-
अपने पूर्ण अस्तित्व के साथ।

सभी को यहीं से होकर गुज़रना होता है...
और कोई दूसरा रास्ता है ही नहीं।
इसी जंगल की राह में
एक स्थान वह भी है
जहाँ एक चिड़िया डाल पर बैठी
युगों-युगों से अमरत्व का सन्दे ा बाँट रही है।

जो कोई भी उसके बोल सुन पाता है
उसके हाथ लग जाते हैं-
कुछ ाी वत सत्य
जिन्हें कवच बनाकर
मुखौटाधारी राक्षसों से बचा जा सकता है।

और तब यही-
हवा, झरना, छायादार वक्ष,
बाग-बगीचे, फूल, महक
मत्यु नहीं- अमरता के स्रोत बन जाते हैं।
पूर्ण, निर्भ्रान्त।

(महर्षि दयानन्दधाम) महादेव
तह. सुन्दरनगर (जि.) मंडी (हि. प्र.) 174401

अनन्तरप्रकृतिः ात्रुः

अपने दे ा से जिसकी सीमा सटी होती है, वह राजा स्वभावतः ात्रु बन जाता है।

-चाणक्य

Brahmarpan July 2014 Vol. 8 No 1
आषाढ़–श्रावण 2070 वि.संवत्

ब्रह्मार्पण
BRAHMARPAN

A bilingual Publication of Brahmasha India Vedic Research Foundation

BRAHMASHA INDIA VEDIC RESEARCH FOUNDATION

C2A/58, Janakpuri,
New Delhi-110058
Tel :- 25525128, 9313749812
*email:*deeukhal@yahoo.co.uk
brahmasha@gmail.com

Sh. B.D. Ukhul
Secretary
Dr. B.B. Vidyalankar
President
Col.(Dr.) Dalmir Singh (Retd.)
V.President
Dr. Mahendra Gupta
V.President
Ms. Deepti Malhotra
Treasurer
Editorial Board
Dr. Bharat Bhushan Vidyalankar, Editor
Dr. Harish Chandra
Dr. Mahendra Gupta
Acharya Gyaneshwararya

लेख में प्रकट किए विचारों के लिए सम्पादक उत्तरदायी नहीं है किसी भी विवाद की परिस्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

Printed & Published by
B.D. Ukhul for Brahmasha India Vedic Research Foundation
Under D.C.P.
License No. F2 (B-39) Press/ 2007
R.N.I. Reg. No. DELBIL/ 2007/22062
Price : Rs. 10.00 per copy
Annual Subscription : Rs. 100.00

CONTENTS

1. आत्म–साक्षात्कार 2
–आचार्य भगवानदेव "चेतन्य"
2. संपादकीय 4
3. सांख्य द र्शन 7
4. युवा क्रान्तिकरियों की मुलाक़ात के अद्भुत क्षण 8
–डॉ. भवानीलाल भारतीय
5. "ब्रह्मयज्ञ की महिमा एवं उपयोगिता
–आचार्य भगवानदेव वेदालंकार 10
6. कैसा इतिहास पढ़ेंगे बच्चे? 14
–मक्खनलाल
7. लौटें सांस्कृतिक परम्पराओं की ओर ***–स्वामी रामदेव*** 17
8. स्कूलों में यौन ि ाक्षा : एक अभि ाप 19
–श्री रतनलाल गर्ग
9. अपने भील भाइयों को ईसाइयों के चंगुल से बचाएँ 21
–सत्यश्रवा
10. बढ़ती संस्कार–हीनता का कारणः विभक्त परिवार 25
–आचार्य संजयदेव
10. Rishi Dayanand's Disciple Shyamji Krishna Varma 28
-Br. Chitranjan Sawant, VSM
11. 'Great Battle' of Kohima 33
-Manimughdha S. Sharma

संपादकीय

दे ा में समान नागरिक संहिता लागू हो।

भारत को स्वतंत्र हुए 67 साल और संविधान को लागू हुए 64 साल हो चुके हैं परन्तु यहाँ अभी तक समान नागरिक आचार संहिता लागू नहीं हो सकी है। वि व के किसी भी दे ा में दोहरी नागरिक आचार संहिता नहीं है। किसी भी अन्य दे ा में नागरिकों के लिए अलग-अलग कानून लागू नहीं होते। इंग्लैण्ड, यूरोप, अमेरिका, आदि सभी पा चात्य राष्ट्रों में सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक आचार संहिता लागू है। वहाँ संप्रदाय, जाति, धर्म या क्षेत्र के आधार पर कानूनों का निध ारिण नहीं होता। इसके अतिरिक्त मुस्लिम दे ाों में भी किसी वर्ग वि ोष के लिए अलग आचार संहिता या कानून-व्यवस्था नहीं है। वहाँ सभी पर ारियत और कुरान के कानून लागू किए जाते हैं। केवल भारत ही ऐसा दे ा है, जहाँ मुस्लिमों के तुष्टीकरण के लिए अलग ारियत कानून की व्यवस्था की गई है। उन पर संसद द्वारा बनाए गए कानून लागू नहीं होते।

इस विषय में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार संविधान के अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि सरकार को प्रत्येक नागरिक के लिए समान आचार संहिता लागू करनी चाहिए। परन्तु इस प्र न पर मुस्लिम और ईसाई वोटों के लालच में काँग्रेस तथा अन्य तथाकथित सेकुलर दल मुसलमानों के स्वर में स्वर मिलाकर इनका विरोध करने लगते हैं।

13 जुलाई 2003 को सर्वोच्च न्यायालय ने एक मामले में निर्णय देते हुए कहा था कि यह अत्यन्त दुःख की बात है कि स्वाधीनता के इतने वर्ष बाद भी संविधान के नीति निर्दे ाक सिद्धान्तों के तहत आने वाले अनुच्छेद 44 पर अमल नहीं हो सका है। सर्वोच्च न्यायालय का मानना है कि समान

नागरिक संहिता लागू करने के लिए संसद को कानून बनाना चाहिए। इससे राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा मिलेगा।

दे ा के स्वाधीन होने के बाद संसद में काँग्रेस द्वारा हिन्दूकोड बिल पे ा किया गया जिसके अन्तर्गत हिन्दू समाज में, जिसमें बौद्ध, जैन तथा सिख भी ाामिल हैं, विवाह के बाद विवाद होने पर तलाक को वैध बना दिया गया। हिन्दू कोड बिल का हिन्दू धर्मसंघों, ांकराचार्यों और धर्माचार्यों ने कड़ा विरोध किया। इसे परिवार को तोड़ने वाली प्रवत्ति मानते हुए राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने हिन्दू कोड बिल पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था। परन्तु जवाहरलाल नेहरु (प्रधानमंत्री) ने राष्ट्रपति के विरोध की परवाह न करके हिन्दूकोड बिल को पास करवा ही लिया।

इसके विपरीत धर्मनिरपेक्षता के समर्थक सेकुलर दल कभी यह हिम्मत नहीं कर सके कि मुसलमानों की महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव के कानूनों को बदलवा कर उनकी कुरीतियों का भी निराकरण करें। मुल्ला-मोलवियों का यह कहना निराधार है कि मुस्लिम ारहा रसूल इस्लाम हज़रत मोहम्मद के निर्दे ाों पर आधारित है इसलिए इसमें किसी तरह का बदलाव नहीं हो सकता। दुनिया में लगभग अस्सी मुस्लिम दे ा हैं। इनमें दो-तीन दे ाों को छोड़कर सभी ने आधुनिक जरूरतों के मुताबिक ारियत कानूनों में सं ाोधन कर लिए हैं। तुर्की के राष्ट्राध्यक्ष कलाम अतातुर्क ने मुस्लिम महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित बहुपत्नी प्रथा पर पाबन्दी लगा दी थी। कई मुस्लिम दे ाों ने चोरी करने पर चोर के हाथ काटने की सजा पर रोक लगा दी। इसी तरह भारत में 1985 तक तलाक ाुदा मुस्लिम महिलाओं को भारतीय दंड संहिता की धारा 125 के तहत अपने पूर्व पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार था। लेकिन एक बहुचर्चित मामले में 62 साल की

ाहबानो को उसके पति ने 30 साल के विवाहित जीवन के बाद तलाक दे दिया। न्यायालय ने अपने फैसले में उसके पति को प्रतिमास अपनी पत्नी ाहबानो को गुजारा भत्ता देने का आदे ा दिया। इस फैसले के विरुद्ध मुस्लिम सांसदों और सेकुलर राजनीतिक दलों ने हंगामा मचा दिया। इसके परिणामस्वरूप 1986 में सरकार ने एक विधेयक पारित करके तलाक ुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता पाने के हक़ से वंचित कर दिया।

यदि दे ा में समान नागरिक संहिता न लागू की गई तो विभिन्न धर्मों के लोगों में जनसंख्या वद्धि का अनुपात गड़बड़ा जाएगा। क्योंकि मुसलमानों को चार-चार विवाह करने की छूट है जबकि हिन्दू दूसरा विवाह भी नहीं कर सकते। इसके अतिरिक्त परिवार नियोजन का दुष्प्रभाव भी हिन्दू परिवारों पर पड़ता है। इसका एक दुष्परिणाम यह भी सामने आया है कि यदि किसी हिन्दू को दूसरा विवाह करना हो तो वह मुस्लिम कानून के तहत इस्लाम में धर्मान्तरित होकर ऐसा कर सकता है। इससे भी हिन्दुओं की संख्या घट रही है। इसके अलावा हिन्दू 'हम दो हमारे दो' के सिद्धान्त पर चल रहे हैं जबकि मुसलमान हम पाँच हमारे पचास के हिसाब से बढ़ रहे हैं। इससे दे ा की जनसंख्या के अनुपात में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। यदि यह कुचक्र जारी रहा तो कुछ समय बाद जब हिन्दू अल्पसंख्यक हो जाएँगे तो एक और नए पाकिस्तान की माँग उठ खड़ी होगी। हमें दे ा के हित और भविष्य को ध्यान रखकर विचार करने की आव यकता है। अतः दे ा में सभी के लिए समान नागरिक आचार संहिता लागू होनी चाहिए जैसा चलन वि व के सभी दे ाों में है।

संपादक

सांख्य द नि (अध्याय-1, सूत्र-79)

-डॉ. भारत भूषण विद्यालंकार

इस सूत्र के साथ सूत्रकार कार्यकारणभाव के प्रसंग में सांख्य के सुविदित सत्कार्यवाद के सिद्धान्त का प्रतिपादन करते हैं, सूत्र है-

नासदुत्पादो न ंगवत्।।79।।

अर्थ - (न) नहीं (असदुत्पादः) असत् की उत्पत्ति होती है (न ंगवत्) मनुष्य के सींग के समान।

भावार्थ - संसार में जिस वस्तु का कभी अस्तित्व ही नहीं होता है, वह असत् कहलाती है, जैसे हम देखते हैं कि किसी मनुष्य के सींग नहीं होता, वैसे ही असत् वस्तु की उत्पत्ति भी नहीं होती। जो वस्तु पूर्णतया असत् है उसका कभी अस्तित्व नहीं होता। मनुष्य के सींग नहीं होते- वे न कभी हुए हैं और न कभी भविष्य में होंगे। जिस वस्तु के बारे में हम -'उत्पन्न होना' कहते हैं, वह अपनी उत्पत्ति से पहले एकदम असत् या अस्तित्वरहित हो ऐसा नहीं होता। उसका अस्तित्व अपने कारण में सदैव बना रहता है। इसलिए प्रत्येक कार्य अपनी उत्पत्ति से पूर्व भी कारण रूप में सत् होता है। एकदम असत् वस्तु की उत्पत्ति असंभव है।

सी-2ए, 16/90 जनकपुरी,
नई दिल्ली-10058

- स्वस्थ ारीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।
- आलस्य मनुष्यों के ारीर में रहने वाला घोर ात्रु है।
- हमे अपने उत्तरदायित्वों को गंभीरता से लेना चाहिए।
- परिश्रम ही सफलता की कुंजी है।
- कर्मों में कु ालता ही योग है।
- कला जीवन का रहस्य है।
- कवि का काव्य ही उसकी आत्मा का सत्य है।

युवा सन्यासी स्वामी विवेकानन्द तथा क्रान्तिगुरु पं. यामजीकृष्ण वर्मा की मुलाकात के अद्‌भुत क्षण

–डॉ. भवानीलाल भारतीय

स्वातंत्र्य क्रान्ति का ंखनाद करने वाले पं. यामजीकृष्ण वर्मा का जन्म क्रान्ति वर्ष 1857 की चार अक्टूबर को कच्छ के एक व्यवसायी के यहाँ हुआ था। युवा काल में वे ऋषि दयानन्द के सम्पर्क में आये, उनसे संस्कृत पढ़ी और प्रसिद्ध विद्या वि ाारद प्रो. मोनियर विलियम्स की प्रेरणा से इंग्लैण्ड जाकर संस्कृत का अध्यापन किया, साथ ही बैरिस्टर बने। कालान्तर में उन्होंने इण्डिया हाउस की स्थापना राजधानी लन्दन में की जो आगे चल कर सावरकर, मदनलाल धींगड़ा, भिकाई जी कामा आदि क्रान्तिकारियों का ारणगाह बना।

इंग्लैण्ड जाने से पहले याम जी ने कुछ काल तक अजमेर में वकालत भी की। इसी समय उनकी मुलाक़ात स्वामी विवेकानन्द से हुई। वे संन्यास ग्रहण के प चात् भारत भ्रमण करते हुए अजमेर आये थे। 1891 में उन्होंने आबू पर्वत में ठाकुर मुकुन्द सिंह के घर पर निवास किया था। यही समय था जब अजमेर के आर्य नेता हरविलास ाारदा ठाकुर मुकुन्द सिंह से मिलने आबू आये। स्वामी विवेकानन्द के तेजस्वी स्वरूप तथा उनकी प्रबल दे ाभक्ति ने ाारदा जी को अत्यधिक प्रभावित किया। दोनों के बीच विस्तत विम र्ा होता रहा। ाारदा जी ने स्वामीजी को अजमेर आने का निमन्त्रण दिया और अपने घर पर ही ठहरने का अनुरोध किया। स्मरण रहे कि तब तक स्वामी जी को राष्ट्रव्यापी ख्याति नहीं मिली थी। 1891 का वर्ष और दिसम्बर का महीना, स्वामी जी खेतड़ी

से अचानक अजमेर आये और हरविलास ाारदा के घर ठहरे। वार्तालाप के प्रसंग में स्वामी जी को उन्होंने पं. याम जी के बारे में बताया और कहा कि वे संस्कृत के प्रौढ़ विद्वान् हैं। आबू से लौटकर ाारदा जी ने याम जी को स्वामी विवेकानन्द का परिचय दिया और उनकी धर्म प्रचार की लगन तथा दे ाभक्ति की चर्चा की। साथ ही यह भी कहा कि वे आपसे मिलना चाहते हैं। स्वामी जी ने ाारदा जी के यहाँ तीन दिन तक निवास किया, तत्प चात् ब्यावर चले गये। उनके अजमेर से ब्यावर जाने के दो दिन बाद यामजी मुम्बई से अजमेर लौट आये और अपने मित्र ाारदा जी से मिलने गये। वे भी स्वामी जी से मिलने के लिए उत्सुक थे। स्वामी जी के ब्यावर चले जाने का समाचार याम जी को मिला तो वे ब्यावर जा पहुँचे और उसी दिन उन्हें लेकर अजमेर आ गये। उन्होंने स्वामी जी को अपने बंगले पर ही ठहराया।

स्वामी जी का याम जी के यहाँ लगभग पन्द्रह दिनों तक निवास रहा। ये तीनों व्यक्ति-हर विलास ाारदा, स्वामी विवेकानन्द तथा याम जी-संध्या समय घूमने निकलते और विभिन्न विषयों पर चर्चा करते। उनकी विवेचना के विषय होते-हिन्दू धर्म की वर्तमान दुर्द ा, सामाजिक स्थितियाँ, संस्कृत भाषा, अध्यात्म तथा वेद-वेदान्तादि दा ार्निक विषय। स्वामी जी याम जी के संस्कृत वैदुष्य पर मुग्ध थे। याम जी भी स्वामी जी के धर्मप्रेम, वि ाद धर्मज्ञान, स्वदे ा प्रेम तथा भारत भक्ति से प्रभावित थे। उन्हें इस बात का गर्व था कि वे स्वामी दयानन्द तथा स्वामी विवेकानन्द जैसे दो तेजस्वी संन्यासियों के सम्पर्क में आये हैं। याम जी तथा ाारदा जी के सान्निध्य में दो सप्ताह बिताकर विवेकानन्द ने गुजरात की ओर प्रस्थान किया। स्वल्प समय बाद याम जी ने भी वक़ालत छोड़ दी और बाद में वे रतलाम तथा जूनागढ़ राज्यों में उच्च पद पर कार्य करते रहे। अन्ततः 1897 में वे इंग्लैण्ड चले गये और क्रान्तिकारियों के गुरु बने।

315, ांकर कालोनी, श्रीगंगानगर

ब्रह्मयज्ञ की महिमा एवं उपयोगिता

–आचार्य भगवानदेव वेदालंकार, (वैदिक प्रवक्ता)

माताओ! बहिनो! प्रिय सज्जनो! ऋषियों की मन्यता के अनुसार पाँच प्रकार के महायज्ञ होते हैं।

"ऋषियज्ञं देवयज्ञं भूतयज्ञं च सर्वदा।
नयज्ञं पितयज्ञं च यथा ाक्ति न हापयेत्।।

(मनुस्मति –अध्याय 4– लोक 21)

अर्थात्– इन पाँचों यज्ञों में ऋषि–यज्ञ का अभिप्राय सन्ध्योपासना अथवा ब्रह्मयज्ञ है। इसके अतिरिक्त वेदादि ाास्त्रों का पढ़ना–पढ़ाना और योगाभ्यास हैं। ऋषियों ने इसी ब्रह्मयज्ञ के द्वारा सब कुछ प्राप्त किया। मनुष्य के कर्त्तव्य कर्मों में यह पहला यज्ञ है। ोष यज्ञ ब्रह्मयज्ञ के बाद किये जाते हैं, जैसे– देवयज्ञ (अग्निहोत्र), भूतयज्ञ (बलिवै वदेव यज्ञ), नयज्ञ (अतिथि यज्ञ), पितयज्ञ (माता–पिता और आचार्यों की सेवा करना) इन सभी यज्ञों को यथा ाक्ति करना चाहिए।

ब्रह्मयज्ञ का अभिप्राय– 'ब्रह्म' नाम ई वर का है 'यज्ञ' नाम श्रेष्ठ कार्यों का है। ब्रह्म यज्ञ का दूसरा नाम 'सन्ध्योपासना' है। ई वर का अच्छी प्रकार से ध्यान करना, मनन–चिन्तन करना 'सन्ध्या' कहलाती है। इस प्रकार सन्ध्या करने वाले को अथवा 'ब्रह्म' की उपासना करने वाले को 'ब्रह्मचारी' भी कहा जाता है। **"ब्रह्म इष्णन् चरति इति ब्रह्मचारी"।** ब्रह्म की खोज करने वाला अथवा 'ब्रह्म' के प्रति समर्पण–भाव रखने वाला व्यक्ति महान है। वह व्यक्ति सद्गहस्थी, वानप्रस्थी तथा संन्यासी आदि ब्रह्म की खोज करने वाला हो सकता है।

'ब्रह्मयज्ञ की महिमा'

इसलिए महर्षि दयानन्द लिखते हैं– "प्रथम ारीर ाुद्धि अर्थात् स्नान करके सन्ध्योपासना का आरम्भ करे। प्रत्येक मनुष्य का कर्त्तव्य है, कि वह न्यून से न्यून एक घण्टा प्रतिदिन सन्ध्योपासना में लगाए।" इस लोक और परलोक में सुख और ाान्ति चाहने वाले मनुष्यों को प्रातःसायं दोनों समय श्रद्धापूर्वक सन्ध्योपासना करनी चाहिए।

ब्रह्मयज्ञ करने से मनुष्य का आचार और अध्यात्म बनता है। **"सन्ध्यायन्ति सन्ध्यायते वा परब्रह्म यस्यां सा सन्ध्या"** अर्थात्

जिसमें परमे वर का भली-भाँति ध्यान करते हैं वह सन्ध्या कहलाती है। सो रात और दिन के संयोग के समय दोनों सन्धि बेलाओं में सब मनुष्यों को परमे वर की स्तुति, प्रार्थना और उपासना करनी चाहिए"। (-दयानन्द पञ्च महायज्ञ विधि)

ब्रह्मयज्ञ (संध्या) क्यों करे- सब गुरुओं का गुरु, आचार्यों का आचार्य, न्यायाधी ाों का न्यायाधी ा और राजाओं का राजा परमे वर है। योगद र्शन के आचार्य महर्षि पतञ्जलि का इस विषय में प्रमाण है- **"पूर्वेषामपि गुरुः कालेनानवच्छेदात्"** (योगद० समाधिपाद 26 सूत्र)

अर्थात् वह ई वर पूर्वादि गुरुओं का भी गुरु है, काल सीमा उसके लिए नहीं है। **"तस्य वाचकः प्रणवः"** (योग० समा० सूत्र-27) उस आदि गुरु परमात्मा का मुख्य और निज नाम 'ओ३म्' है उस परमे वर की कृपादष्टि और सहायता से महाकठिन कार्य भी सुगमता से सिद्ध हो जाते हैं। वही परमे वर सर्वरक्षक और सष्टिकर्ता है। 'तैत्तिरीय ब्राह्मण' के ऋषि ने लिखा है-

"उद्यन्तमस्तं यन्तमादित्यमभिध्यायत् कुर्वन्।
ब्राह्मणो विद्वान् सकलं भद्रम नुते"।

अर्थात् जो मनुष्य सूर्य के उदय तथा अस्त होते समय परम ब्रह्म का चिन्तन करता है, वह मनुष्य सभी प्रकार के कल्याण को प्राप्त करता है।

"तस्माद् अहोरात्रस्य संयोगे ब्राह्मणः सन्ध्यामुपासीत्" इसलिए ब्राह्मणों को दिन और रात की संधि वेला में (प्रातः और सायं) सन्ध्या करनी चाहिये।

ऋषयो दीर्घं सन्ध्यात्वाद् दीर्घमायुरवाप्नुयुः।
प्रज्ञां य ा च कीर्तिं च ब्रह्मवर्चसमेव च।। (मनुस्मति०2-94)

अर्थात् ऋषियों व विद्वान् आचार्यों ने, ब्रह्मचारी और सद्गहस्थों ने सन्ध्या करके, दीर्घायु, उत्तम प्रज्ञा-बुद्धि, य ा, कीर्ति और ब्रह्मतेज की प्राप्ति की। अतः सन्ध्या करने वाला पुरुष भाग्य ाली और महान् तपस्वी होता है।

पूर्वां सन्ध्या जपस्तिष्ठन्नै ामेनो न्यपोहति।
पि चमां तु समासीनो मलं हन्ति दिवा कृतम्।।

(मनुस्म० 2-102)

अर्थात् प्रातःकाल सन्ध्या करने से रात्रि के पापों से मुक्ति हो जाती है और सायंकाल में सन्ध्या करने से दिन-भर के पापों से मुक्ति हो जाती है। इसी सम्बन्ध में आचार्य चाणक्य ने ब्रह्मयज्ञ को जीवन का मूलाधार बतलाया है-

ब्रह्मयज्ञ (सन्ध्या) करने की विधि-

'ब्रह्म' की उपासना वैदिक रीति के अनुसार, योग्य गुरु के परामर्श से, अच्छी प्रकार से ज्ञान ग्रहण करके विधिपूर्वक करनी चाहिए। बहज्जाबालोपनिषद् में लिखा है-

"सन्ध्या सकु ोऽहरहरुपासीत्" (बहज्जाबालोपनिषद् 6-8)

अर्थात्- ुद्ध-पवित्र एकान्त स्थान पर विधिपूर्वक आसन लगाकर, प्रतिदिन दोनों समय सन्ध्या करनी चाहिये। पहले जल आदि से बाह्य ारीर की ुद्धि और फिर राग-द्वेष, ईर्ष्या, क्रोध, आदि के त्याग से भीतर की ुद्धि करनी चाहिए। आसन कु ा-घास का अथवा कपड़े का होना चाहिए। ेर, चीते आदि की खाल का आसन नहीं होना चाहिए क्योंकि उसमें हिंसा छिपी हुई होती है। मनु महाराज इस विषय में लिखते हैं-

"ब्राह्मे मुहूर्त्ते बुध्येत धर्मार्थौं चानुचिन्तयेत्।
काया क्ले ाां च तन्मूलान् वेदतत्वार्थमेव च।।

(मनुस्मति-अध्याय 4- लोक 92)

अर्थात् दो घड़ी रात्रि से उठे और धर्म का चिन्तन करे। कर्त्तव्य-कर्मों के विषय में सोचे। जीवन को सार्थक बनाने का प्रयत्न करे। वेदादि सत्य ाास्त्रों के अर्थों का चिन्तन करे। ब्रह्मयज्ञ अर्थात् सन्ध्योपासना करने से पहले प्राणायाम अव य करना चाहिए क्योंकि प्राणायाम करने से इन्द्रियाँ व ा में हो जाती हैं। आत्मा और मन की स्थिति ठीक हो जाती है। इसी दष्टि से महर्षि दयानन्द सरस्वती ने अपना अनुभव संसार के समक्ष रखते हुए लिखा है कि-"ब्रह्मयज्ञ करने से परमे वर की कृपा और दया प्राप्त होती है। परमे वर की कृपा दष्टि और सहायता से महाकठिन कार्य भी सुगमता से सिद्ध हो जाते हैं। जैसे ीत से पीड़ित पुरुष के अग्नि के पास जाने से ीत की निवत्ति हो जाती है वैसे ही परमे वर के गुण-कर्म-स्वभाव से जीवात्मा के गुण-कर्म-स्वभाव पवित्र हो जाते हैं। इसीलिए

परमे वर की स्तुति, प्रार्थना और उपासना करनी चाहिए।"
महर्षि पतञ्चलि ने योगद र्शन में ई वर-भक्ति पर बल दिया है - **'ई वरप्रणिधानाद्वा'** (समाधिपाद सूत्र-23) ई वर के प्रणिधान (भक्ति) से निकटता प्राप्त होती है। अर्थात् ई वर-भक्त समाधिस्थ होता है और जब मनुष्य अनन्यचित्त होकर ई वर की सन्ध्योपासना में तत्पर होता है तब ई वर अपने भक्त की भक्ति से प्रसन्न होकर उस पर कृपा वष्टि करता है।

संध्या में मन कैसे लगे?

ब्रह्मयज्ञ या सन्ध्या करने वाले अधिकां ा लोग प्रायः प्र न करते हैं कि सन्ध्या में अथवा ई वर-भक्ति में मन कैसे लगे? इसका समाधान यही है कि ई वर-भक्ति का योग सीखें। ब्रह्म-ज्ञान सम्बन्धी ग्रन्थों, वेदों, उपनिषदों का और ऋषियों के ग्रन्थों का स्वाध्याय करें। इस विषय में महर्षि पतञ्जलि का आदे ा है- **"तज्जपस्तदर्थ भावनम्"** (योगद र्शन समाधिपाद सूत्र-28) अर्थात् ई वर के सर्वोत्तम नाम 'ओ३म्' का जाप और ई वर के गुणों का चिन्तन करना ही ई वरप्रणिधान अर्थात् ई वर की भक्ति है। इसी प्रकार गायत्री-मन्त्र का उच्चारण, अर्थज्ञान और उसी के अनुसार अपना चाल-चलन बनाएँ। परन्तु जप मन से करना चाहिए। अपनी आत्मा को परमे वर की आज्ञानुसार समर्पित कर दें। इससे आत्मा का बल इतना बढेगा कि वह पर्वत के समान दुःख आने पर भी नहीं घबरायेगा और कठिन से कठिन दुःख को भी सहन कर सकेगा। किसी कवि ने सत्य ही कहा है-

"ओम् नाम सबसे बड़ा, उससे बड़ा न कोय।
जो ओम् का सुमिरन करे, तो दुःख काहे को होय।।
दो बातन को याद कर जो चाहे कल्याण।
नारायण इक मौत को दूजे श्री भगवान।।

94-विकासनगर, फेस-3, निकट बालाजी मंदिर
(हस्तसाल एरिया) नई दिल्ली-59
मो. 9250906201

कैसा इतिहास पढ़ेंगे बच्चे?

–मक्खनलाल

(ऐतिहासिक तथ्यों की व्याख्या को लेकर इतिहासकारों में वैचारिक टकराहट तो स्वाभाविक है लेकिन एक–दो द ाक से स्कूलों के कोर्स में इतिहास के स्वरूप को लेकर तीखी बहस चल रही है। पिछली एनडीए सरकार ने एनसीईआरटी की इतिहास की किताबों में कुछ फेरबदल किए। इसका दे ा के कई इतिहासकारों ने जबर्दस्त विरोध किया और वाजपेयी सरकार पर इतिहास समेत पूरी ि ाक्षा के भगवाकरण का आरोप लगाया। बाद में जैसी आ ा थी यूपीए सरकार ने पिछले निर्णयों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की। एक बार फिर पाठ्यक्रम में बदलाव की बात चल पड़ी। आखिर यह सिलसिला कब तक चलेगा? बच्चों को इतिहास किस रूप में पढ़ाया जाए, क्या कभी इस पर आम सहमति बन सकेगी? कुछ इन्हीं सवालों पर कें द्रित है यह लेख–संपा.)

पुस्तकों में बार–बार न हो बदलाव

चार द ाक से चली आ रही एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों, खासकर इतिहास की पुस्तकों के भगवाकरण का आरोप असत्य, भ्रामक, एक विपरीत दि ा में ले जाने वाला है। मुझे तो ऐसे लोगों की बुद्धि पर आ चर्य होता है। हिटलर को हमने महिमामंडित किया है या महात्मा गाँधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे का नाम पाठ्यपुस्तकों से हटा दिया गया है, इसका जवाब तो वे इतिहासकार ही देंगे, जिन्होंने मॉडर्न इंडिया की किताबें लिखी हैं। मैं प्राचीन भारतीय इतिहास से संबद्ध रहा हूँ, इसलिए मैं उसके बारे में ही अपनी राय रख सकता हूँ। सबसे पहली बात तो यह है कि इंडियन हिस्ट्री काँग्रेस (आईएचसी) ने मेरी पुस्तक 'इंडेक्स ऑफ एरर्स' नामक एक पुस्तक निकाली थी, जिसमें ढूँढ़–ढूँढकर मेरी पुस्तकों की गलतियाँ निकाली गई थीं। मैंने उसके हर आरोप का उत्तर उद्धरण के साथ अपनी पुस्तक 'फैलेसीज इन दी आईएचसी रिपोर्ट' में दिया है और इसकी ऑफि ायल कॉपी आईएचसी को भी भेजी, लेकिन आज तक किसी ने इसका जवाब देने की ज़हमत नहीं उठाई या कहिए हिम्मत नहीं दिखाई। इतिहास के भगवाकरण का जो आरोप ये मुझ पर लगा रहे हैं, इसका जवाब मैंने वामपंथी इतिहासकारों द्वारा एनसीईआरटी के लिए

लिखी गई उनकी पुस्तकों से ही दिया है। जो ये लिखते हैं, वह ज्ञान की बात हो जाती है और यदि वही बात मैं लिख दूँ, तो वह भगवाकरण कैसे हो गया? भगवा (केसरिया) रंग तो हमारे तिरंगे में भी है, तो क्या उसे वहाँ से निकाल देंगे ये लोग!

जहाँ तक बात सिन्धु घाटी सभ्यता को सरस्वती नदी से जोड़ने की है, तो मैं यही कहना चाहूँगा कि प्रमाण इसकी पुष्टि करते हैं। सरस्वती नदी के किनारे 1100 पुरातात्विक स्थल मिले हैं, जबकि सिन्धु नदी के किनारे मात्र 110 ही ऐसे स्थल मिले हैं। अब कोई भी पढ़ा-लिखा इंसान यह बात आसानी से समझ सकता है कि इस सभ्यता का मुख्य केन्द्र कहाँ हो सकता है। सरस्वती के बारे में मैं ही नहीं, वामपंथी इतिहासकार इरफान हबीब साहब ने भी वर्ष 1952 के अपने लेख में अमेरिका से छपने वाले ज्योग्रॉफिकल जर्नल में इसका जिक्र किया है। इस लेख के पर्चे वर्ष 1992 में आईएचसी में भी पढ़े गए। इसमें हबीब साहब ने लिखा है कि वैदिक नदी सरस्वती सिरसा (वर्तमान में हरियाणा) में बहती थी। आ चर्य है कि अब अचानक उसका स्थान ये लोग अफगानिस्तान क्यों बताने लगे हैं?

वस्तुनिष्ठ इतिहास के संबंध में मैं यही कहना चाहूँगा कि ऐतिहासिक तथ्यों की व्याख्या अलग-अलग हो सकती है और लोकतान्त्रिक समाज में सभी को अपनी बात रखने का हक़ है। लेकिन अपनी बात इतिहासकार ोध-पत्र तक ही सीमित रखें, तो अच्छा होगा। स्कूलों की पाठ्यपुस्तकों में विद्यार्थियों को वही पढ़ाया जाना चाहिए, जो विवादास्पद न हो, सर्वमान्य हो। देखिए, बार-बार पाठ्यक्रम बदलने से दे ा की ि ाक्षा व्यवस्था और बच्चों के भविष्य पर बहुत बुरा और दूरगामी असर पड़ेगा। केन्द्र की यूपीए सरकार ने एक सर्कुलर निकाला था, जिसमें कहा गया कि चूँकि स्कूलों में आधा से ान हो चुका है इसलिए दे ा के तीन करोड़ बच्चों के हित में पाठ्यपुस्तकों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। फिर सरकार ने इतिहासकारों का एक पैनल बना दिया, जिसमें सत्तार जी, वरुण डे आदि इतिहासकार ाामिल हैं। इनसे कहा गया कि आप किताबों की समीक्षा कर यह बताएँ कि कहीं बच्चों को भ्रामक और तथाकथित भगवा इतिहास तो नहीं पढ़ाया जा रहा है। आ चर्य की बात तो यह है कि इस पैनल ने मात्र तीन दिन में अपना

फैसला सुना दिया है, जबकि सरकार ने उसे इसके लिए 15 दिन का समय दिया था। मुझे इस पैनल के इतिहासकारों की विद्वता पर सन्देह नहीं है लेकिन ये लोग वामपन्थी इतिहासकारों के दबाव में काम कर रहे हैं और इन्हें तो बस डॉटेड लाइन पर हस्ताक्षर करने थे।

यूपीए सरकार और पैनल के इतिहासकार ि ाक्षा को जिस एडहॉक निर्णय के रास्ते पर ले जा रहे थे, उससे दे ा की ि ाक्षा पद्धति बर्बाद हो जाएगी। एनडीए सरकार ने सिर्फ इतिहास की नहीं, सभी विषयों की पाठ्यपुस्तकों में लोकतांत्रिक ढंग से परिवर्तन किए थे। वर्ष 1986 में स्वर्गीय राजीव गाँधी की पहल पर ि ाक्षा पर राष्ट्रीय नीति की समीक्षा हुई थी। बाद में इसकी रिपोर्ट वर्ष 1992 में रिव्यू की गई लेकिन कई कारणों से यह लागू नहीं की जा सकी। दोनों बार सत्ता में काँग्रेस पार्टी थी। बाद में ि ाक्षा में नैतिकता और इसमें सुधार के लिए संसद ने काँग्रेस नेता एस. बी. चौहान की अध्यक्षता में एक संसदीय समिति बनाई, जिसमें सभी पार्टियों के लोग ाामिल थे। इसकी रिपोर्ट में कहा कि दे ा की पूरी ि ाक्षा व्यवस्था को नए सिरे से देखने की जरूरत है और वैल्यू एजूके ान पर जोर दिया जाना चाहिए। एनडीए सरकार इस समिति की रिपोर्ट पर काफी गंभीर थी और इसी के अनुसार कदम उठाए गए। एनडीए सरकार ने अचानक स्कूलों से पाठ्यपुस्तकें नहीं हटाईं। जब नई पुस्तकें छपकर आ गईं तभी बिना रिवाइज हुई पुरानी पुस्तकों को हटाया गया। इसमें चार साल का समय लगा। लेकिन वामपंथी इतिहासकार इन किताबों को तत्काल हटाने की माँग कर रहे थे। कल जब कोई नई सरकार बनेगी और वह भी ऐसा ही करेगी, तब इनके पास उन्हें रोकने का क्या नैतिक आधार होगा? ये लोग जिस ने ानल स्टीयरिंग कमेटी ऑफ हिस्ट्री को फिर से बहाल करने की माँग कर रहे थे। वह चीज क्या है भला? मैंने तो इसका नाम तक नहीं सुना है। ये पहले यह तो बताएँ कि कौन लोग इसके सदस्य थे और वे कब इसके सदस्य बने? बच्चों को क्या परोसा जाए, इस बात पर आम सहमति होनी चाहिए। 'तू और मैं' की बात पाठ्यपुस्तकों के स्तर पर नहीं आनी चाहिए।

प्रस्तुति–एन. अख्तर

लौटें सांस्कृतिक परम्पराओं की ओर

–स्वामी रामदेव

कैंसर, हृदयरोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं मोटापा आदि रोगों का भय हर किसी को आतंकित कर रहा है। फल, सब्जियाँ, दालें, दूध व अन्न आदि जीवनदायी तत्व कीटना ाकों एवं रसायनों के उपयोग से दूषित हो रहे हैं। बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ अपनी खतरनाक इकाइयाँ भारत के गरीब एवं पिछड़े क्षेत्रों में लगाकर, वायु एवं जल में खतरनाक रसायनों को उत्सर्जित कर वहाँ रहने वाले लोगों को मौत के मुँह में धकेल रही हैं। हवा में छोड़ी जाने वाली विषाक्त गैसें एवं कैमिकल्स वर्षा के बाद जल एवं मिट्टी में मिलकर भूमि को बंजर बना देते हैं एवं जल पीने योग्य नहीं रह जाता। परिणामतः कैंसर, टीबी एवं अन्य ख़तरनाक़ वास आदि की बीमारियाँ पैदा हो जाती हैं। इस प्रदूषण से तन एवं मन जब दोनों दोषपूर्ण हो जाते हैं, तब रोग, भय, भ्रम, अ ाान्ति व दुःख पनपने लगते हैं। पूरे वि व में मौत का पर्याय बने कैंसर के तम्बाकू के बाद सबसे बड़े कारण रासायनिक खेती, कीटना ाक एवं औद्योगिक प्रदूषण हैं। आज भारत में 20 से 25 लाख कैंसर रोगी हैं तथा प्रतिवर्ष लगभग सात लाख नए कैंसर रोगी चिह्नित हो रहे हैं। यह भी दहलाने वाला तथ्य है कि प्रतिवर्ष चार लाख से अधिक रोगी कैंसर के कारण मौत के मुँह में समा जाते हैं। बोनमैरो ट्रांसप्लांट कराने के बाद भी कई लोगों को पुनः रक्त कैंसर हो रहा है। इसके कारण हैं वे तत्व जो कैंसर पैदा करने के लिए जिम्मेदार हैं। वे तो ज्यों के त्यों हमारे सामने विद्यमान हैं। वही दूषित वायु, रासायनिक भोजन, फास्ट फूड, पिज्जा, बर्गर, कोल्ड ड्रिंक्स, धूम्रपान आदि द्वारा लोग कैंसर को आमंत्रण दे रहे हैं। तम्बाकू निर्माता कम्पनियाँ मासूम लोगों

को दौलत के बदले जिन्दगी नहीं, मौत दे रही हैं। इसलिए मैं तम्बाकू के उत्पाद बनाने वालों को मानवता का ात्रु एवं मौत का सौदागर कहता हूँ। आकर्षक विज्ञापन देकर तम्बाकू और उसके उत्पाद बेचने वाली इन कम्पनियों पर लाखों बेकसूर लोगों की मौत का मुकद्दमा चलना चाहिए। तम्बाकू के कारण बीमार हुए लोगों के इलाज एवं मौत के बाद अनाथ हुए बच्चों के पालन-पोषण का खर्चा इन कम्पनियों से लिया जाना चाहिए। केन्द्र एवं राज्य सरकारों का भी दायित्व बनता है कि उन्हें दे ा में ऐसा वातावरण बनाना चाहिए, जिससे कि धूम्रपान को बढ़ावा न मिले। दुर्भाग्य से ाराब एवं तम्बाकू माफिया राज्य एवं केन्द्र सरकारों में निर्वाचित होने वाले बहुत से बलवान व प्रभाव ाली लोगों को करोड़ों रुपए चन्दे के रूप में देते हैं। अतः कानून की पकड़ से ये लोग हमे ा बाहर रहते हैं। इसी तरह खेती में प्रयुक्त होने वाले खतरनाक कीटना ाक एवं रासायनिक खाद बनाने वाले लोग भी अपनी ाक्ति एवं सम्पत्ति के बल पर खुलेआम मौत का व्यापार कर रहे हैं।

कैंसर आदि रोगों के लिए जिम्मेदार बहुराष्ट्रीय कम्पनियों पर जब नियन्त्रण होगा तभी एक स्वस्थ, समद्ध एवं स ाक्त भारत का निर्माण संभव हो सकेगा। हमारी सरकारों को जितना पैसा ये तम्बाकू, ाराब एवं रसायन बेचने वाले लोग टैक्स के रूप में देते हैं, उससे ज्यादा खर्च उनके उत्पादों के कारण पैदा हुई खतरनाक बीमारियों के उपचार के लिए सरकारों को खर्च करना पड़ता है। दुनिया को राह दिखाने वाले तमाम महापुरुषों के इस दे ा में एक स्वस्थ परम्परा पैदा होनी चाहिए। आइए, फिर से हम अपनी प्राचीन सांस्कृतिक परम्पराओं एवं आध्यात्मिक मूल्यों की ओर लौटें, क्योंकि इसी में राष्ट्र एवं वि व के लोगों का कल्याण व स्वास्थ्य निहित है।

स्कूलों में यौन ि ाक्षा : एक अभि ााप

–श्री रतनलाल गर्ग

संस्थापक मानवता मि ान

समाचार पत्रों द्वारा आपको भी ज्ञात होगा कि हमारी सरकारें स्कूलों में प्राथमिक कक्षा से ही सेक्स एजूके ान अर्थात् यौन ि ाक्षा पाठ्यक्रम अनिवार्य करने का विचार कर रही थी। अपनी अमूल्य संस्कृति को खत्म करने एवं मनुष्यता को प ाुता में परिवर्तित करने का ये खतरनाक कार्यक्रम है। हमारे दे ा में एक ओर बाल विवाह अपराध है तो दूसरी ओर बाल अवस्था में ही यौन ि ाक्षा देने का कार्यक्रम ये कैसी विडम्बना है? विदे ाों में जहाँ यौन ि ाक्षा दी जा रही है उनके भयानक दुष्परिणाम हुए हैं– (ये रिपोर्ट हमारी नहीं बी.बी.सी. की है।)

1. इंग्लैण्ड में ये ि ाक्षा लगभग 15 वर्ष पहले कि ाोर अवस्था के छात्रों से (बाल अवस्था से नहीं) ाुरू की गयी थी और अब उन्हीं स्कूलों में गर्भपात केन्द्र खोलने पड़ रहे हैं।
2. गर्भ निरोधक औषधियाँ माध्यमिक विद्यालयों में बाँटी जा रही हैं।
3. प्रतिवर्ष 10 हजार कि ाोर अवस्था की लड़कियाँ गर्भपात कराने को मज़बूर हैं।

जब यह द ाा हमारे सामने है तो फिर भी सरकार इसको क्यों लागू करने का विचार कर रही है। यौन ि ाक्षा चालू करने की बात के पीछे सरकारें ये दलील देती हैं कि दे ा में एड्स की बीमारी बढ़ रही है और इसको रोकने के लिए यौन ि ाक्षा देनी जरूरी है। यौन ि ाक्षा चालू होने के बाद कौन-सी गारंटी है कि एड्स के रोगी नहीं बनेंगे। एक छोटे नुक़सान से बचने के लिए सेक्स की पूरी छूट दे देना पूरी मनुष्यता को प ाुवत्ति में परिवर्तित करना है और मनुष्य के संयम न रखने के आगे घुटने टेक देना है। सरकार का यह कदम जाने या अनजाने में अपनी संस्कृति एवं मनुष्यता के विपरीत होगा। इस लापरवाही से भयंकर चरित्र की हानि होगी, जिसको बाद में सुधारना असंभव होगा। एनडीए सरकार को इस पर विचार

करना चाहिए।

एक सर्वेक्षण द्वारा एड्स की बीमारी भिन्न-भिन्न आयु में इस प्रकार पाई गई है:-

आयु	प्रति ात
0-15	04.3
16-19	08.5
20-29	24.5
30-49	56.5
50 से ऊपर	06.2

ऊपर के आँकड़ों से विदित होता है कि एड्स की बीमारी स्कूल की आयु में नगण्य है 30 की आयु और विवाहित युगलों में 56% है। तो अब आप ही सोचिए कि एड्स को रोकने का प्रयास किस आयु के व्यक्तियों पर अधिक आव यक है। क्या बेचारे भोले-भाले प्रकृति में खेलते हुए बच्चों को यौवन की बातों से प्रभावित करें? बुखार किसी को हो और इंजेक् ान किसी और को लगा रहे हैं, यह कैसी विडम्बना है?

वि वविद्यालयों में यौन ि ाक्षा का ज्ञान कराना उचित हो सकता है। प्राइमरी, माध्यमिक ि ाक्षा की 12 वीं कक्षा तक तो बालक-बलिकाओं को सेक्स से दूर रखने के प्रयास होने चाहिए। सादा वस्त्र पहनने, पौष्टिक सात्विक भोजन, यौगिक क्रियाओं, आसन आदि लगाने का कार्यक्रम अनिवार्य करना चाहिए। वर्तमान में सरकार ने कैदियों को जेल में ऐसी ि ाक्षा देनी ाुरू की है जिसका अच्छा परिणाम मिला है। ाारीरिक, मानसिक ाक्ति, ऊर्जा संचय करने के समय को यौन ि ाक्षा में बदल देना, मनुष्य जीवन को बरबाद करना है। वर्तमान में 22 से 25 वर्ष की आयु में ाादी होती है- एक दो वर्ष पहले, इस आयु के कि ाोर-कि ाोरियों के लिए यौन ि ाक्षा तथा पारिवारिक जीवन की वास्तविकता का ज्ञान कराने हेतु अलग से ऐसे केन्द्र खोले जायें जहाँ भारतीय संस्कृति के नैतिक ि ाक्षा के ग्रन्थों द्वारा इस प्रकार की ि ाक्षा दी जाए।

अपने भील भाइयों को ईसाइयों के चंगुल से बचाएँ

–सत्यश्रवा

महर्षि दयानन्द एक दूरद ार्शी महापुरुष थे। राजस्थान के रजवाड़ों में धर्मप्रचार करते हुए जीवन के अंतिम दिनों में वे उदयपुर पधारे। उदयपुर के चारों ओर वीर िशरोमणि महाराणा प्रताप की सेना के योद्धा, भील जनजाति के वं ाज बहुतायत में निवास करते हैं। इन्हीं भीलों के दे ाभक्त पूर्वजों ने अपने बाणों के अचूक नि ाानों से, हल्दीघाटी के ऐतिहासिक युद्ध में मुग़ल सेना के छक्के छुड़ा दिये थे और समस्त घाटी को ात्रु सैनिकों की ला ाों से पाट दिया था। खेद है कि इस वीर जाति के वं ाज आज अि ाक्षा, अंधवि वासों, व्यसनों, कुरीतियों और गरीबी की मार से मजबूर होकर लोभ–लालच और डर के कारण धड़ाधड़ ईसाई बनते जा रहे हैं।

